प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.05.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 12 प्रस्ताव पारित : पंचायत चुनाव के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन और लखनऊ समेत आगरा मेट्रो के विस्तार को मिली मंजूरी।**
2. **मुख्यमंत्री ने आज लखनऊ में यूपी ट्रिपल एससी 2024 के अंतर्गत विभिन्न पदों पर चयनित 932 अभ्यर्थियों को बांटे नियुक्ति पत्र : कहा– प्रदेश को देश का ग्रोथ इंजन बनाने में युवाओं की अहम भूमिका।**
3. **लखीमपुर खीरी में सड़क दुर्घटना में 10 लोगों की मौत : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री ने जताया शोक, मृतकों के परिजनों को अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।**

**और**

4. **प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का दौर जारी : मौसम विभाग ने 22 मई तक अधिकांश जिलों में लू चलने का जारी किया ऑरेंज अलर्ट।**

———————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई प्रदेश कैबिनेट की बैठक में 12 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में ग्रामीण निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण के निर्धारण के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन को मंजूरी दे**

दी गई। प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग के मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि यह आयोग पंचायत चुनावों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण प्रदान करने के लिए उनके सामाजिक और राजनीतिक पिछड़ेपन की जांच करेगा।

बाइट....

*माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार उत्तर प्रदेश की सरकार ने आज पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया है। आप सब लोग जानते हैं बड़ा प्रदेश है। उनसठ हज़ार से भी ज्यादा पंचायतें हैं। हमारे सैकड़ों विकासखंड हैं, पचहत्तर जनपद हैं, तो पंचायत चुनाव कराने से पहले हमें आरक्षण की व्यवस्था को लागू करना और भी चीजों को देखना है। उसके लिए अब आयोग अध्ययन करेगा और आयोग जैसा रिपोर्ट देगा उसके आधार पर पंचायत के चुनाव की कार्रवाई को हम लोग आगे बढ़ाएंगे।*

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि मंत्रिमंडल ने दो प्रमुख मेट्रो प्रस्तावों को भी मंजूरी दी है। इनमें आगरा मेट्रो के दूसरे कॉरिडोर के अंतर्गत स्टेशन निर्माण और एलिवेटड सेक्शन के लिए आवश्यक भूमि का हस्तांतरण शामिल है।

श्री खन्ना ने कहा कि केंद्र, राज्य सरकार और उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल निगम के बीच चारबाग से बसंत कुंज तक के पूर्व–पश्चिम कॉरिडोर के लिए लगभग पांच हजार 801 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाले त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन को स्वीकृति दी। बाइट.....

*मंत्रिपरिषद की दिनांक 5/3/24 को संपन्न बैठक में लखनऊ मेट्रो परियोजना फेज वन बी ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर डीपीआर पर माननीय मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदन पहले प्रदान किया गया। यह खासतौर से इसी सरकार के*

*संबंध में लखनऊ मेट्रो फेज वन बी ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर चारबाग से बसंत कुंड परियोजना की अनुमोदित लागत 5801.05 करोड़ रुपये पर सहमति प्रदान की गई। इसमें 50–50 परसेंट हिस्सा है। भारत सरकार 50 परसेंट, 50 परसेंट राज्य सरकार।*

**बैठक में मंत्रिमंडल ने पशु चिकित्सा के छात्रों के इंटर्नशिप भत्ते को 4 हजार रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 12 हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने और मिर्जापुर में दो हजार 799 करोड़ रुपये की लागत से बिजली ग्रिड उन्नयन के प्रस्ताव पर भी मुहर लगाई है।**

———————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2024 के अंतर्गत विभिन्न पदों पर चयनित 932 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बीते 9 वर्षों में 9 लाख से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के साथ प्रदेश को विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ाने में राज्य के प्रतिभाशाली युवाओं ने भी अहम भूमिका निभाई है। परिणाम स्वरूप आज प्रदेश देश के ग्रोथ इंजन के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। बाइट.....**

*नौ वर्ष की शानदार यात्रा में चुनौतियां थीं लेकिन उन चुनौतियों का सफलतापूर्वक मुकाबला किया गया। एक टीम भावना के साथ परिणाम लाया गया कि नौ वर्ष में हमने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तीन गुना करने में सफलता प्राप्त कर दी। प्रति व्यक्ति आय को तीन गुना करने में सफलता प्राप्त कर दी। उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं है। अब उत्तर प्रदेश देश की*

*अर्थव्यवस्था का एक ग्रोथ इंजन बन करके भारत के विकास में अग्रिम भूमिका के साथ अपने आप को खड़ा कर रहा है।*

—————————

प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार के बाद कल शाम मंत्रियों को विभागों का आवंटन कर दिया गया। नव नियुक्त कैबिनेटमंत्रियों में भूपेंद्र चौधरी को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग सौंपा गया ह। वहीं मनोज कुमार पांडेय को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग आवंटित किया गया है। सरकार ने मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री के रूप में पदोन्नत किए गए अजीत पाल सिंह को राजनीतिक पेंशन के साथ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग दिया है, जबकि सोमेंद्र तोमर को सैनिक कल्याण एवं प्रांतीय रक्षा दल विभाग सौंपा गया है। चार नव नियुक्त राज्य मंत्रियों में कृष्णा पासवान को पशुपालन और दुग्ध विकास विभाग, सुरेंद्र दिलेर को राजस्व विभाग, हंसराज विश्वकर्मा को लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय और कैलाश राजपूत को ऊर्जा और अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग सौंपा गया है।

—————————

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज वाराणसी में जिला विकास समन्वय और अनुश्रवण समिति दिशा की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं

की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने देश में पेट्रोल, पीएनजी और एलपीजी की उपलब्धता को लेकर लोगों को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अधिक से अधिक घरों तक पीएनजी सुविधा पहुंचाना है। बाइट.....

*भारत एक ऐसा देश है विश्व भर में जिसमें ना कच्चे तेल की, ना पाइप नेचुरल गैस की, ना एल.पी.जी. की कोई कमी हमने होने दी। एक हमने जो बहुत कोशिश की है काशी में हम यह चाह रहे हैं जो एल.पी.जी कनेक्शन थे उसको ज्यादा तेजी से पाइप गैस में convert किया जाए। उससे सुविधा लाभार्थियों को भी होगी। एक तो पाइप गैस ज्यादा efficient है, वो सस्ती भी है।*

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण आयात में बाधा के बावजूद देश में रिफाइनरियां सामान्य रूप से काम कर रही हैं। आज नई दिल्ली में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त

सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में पेटोल, डीजल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस का पर्याप्त भंडार है। बाइट.....

*हमारी रिफाइनरीज नॉर्मल ऑपरेशन पर है और हमारे पास सफिशिएंट क्रूड इन्वेंटरीज है। पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और नेचुरल गैस के सफिशिएंट स्टॉक्स है और किसी भी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर या रिटेल आउटलेट पर ड्राई आउट नहीं है लेकिन कई जगह पर अफवाहों के चलते पैनिक बाइंग देखी जा रही है। यह भी देखा जा रहा है कि जो बल्क सेल था वह पंप सेल पर भी शिफ्ट हो रहा है।*

——————————

डुमरियागंज से सांसद जगदंबिका पाल ने अपने क्षेत्र वासियों से आग्रह किया है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के अनुसार डीजल, पेट्रोल के न्यूनतम प्रयोग के साथ–साथ सोने की खरीद से बचे।

——————————

देशभर में ईद उल अजहा यानी बकरीद 28 मई को मनायी जाएगी। कल देश में कहीं से भी चांद दिखने की पुष्टि नहीं हुई। इसके बाद लखनऊ स्थित मरकजी चांद कमेटी फरंगी महल के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद और शिया मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास ने बताया कि बकरीद 28 मई को मनाई जाएगी।

——————————

लखीमपुर खीरी में आज सुबह एक सड़क दुर्घटना में 10 लोगों की मौत हो गई। हादसा उसवक्त हुआ जब पीलीभीत–बस्ती राजमार्ग पर अदालीसपुर गांव के पास एक

तेज रफ्तार ट्रक और सवारी वाहन की आमने सामने से टक्कर हो गई। ट्रक चालक हादसे के बाद घटना स्थल से फरार हो गया। घटना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया है। साथ ही दोनों ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो–दो लाख रुपये और घायलों को 50–50 हज़ार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

———————

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का दौर जारी है। बीते 24 घंटों में 46 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ बांदा देश में सर्वाधिक गर्म जनपद के तौर पर दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कल से 22 मई तक प्रदेश के अधिकांश जिलों में लू चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कई ज़िलों में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस के पार जाने की आशंका है। मौसम के प्रकोप को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासन को पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। एक रिपोर्ट.....

*भीषण गर्मी और लू के मद्देनज़र मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग और राहत एजेंसियों को अलर्ट मोड में रहने को कहा है। साथ ही सरकारी अस्पतालों में हीट स्ट्रोक से प्रभावित मरीजों के इलाज के लिए पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा है। श्री योगी ने सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था और बिजली आपूर्ति बाधित न होने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि अत्यधिक गर्मी और लू के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें। समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

(समाप्त)